>

Title: Need to release funds for the construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY) in Deoria and Kushinagar districts of Uttar Pradesh.

श्री गोरख प्रसाद जायसवाल (देवरिया): मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए गत् वर्ष से कोई धनराशि आबंटित नहीं हुई है जिसके कारण देवरिया जिले में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत मिलने वाली ग्रामीण लोगों को सुविधा बुरी तरह से प्रभावित है। आने वाले साल में मेरे संसदीय क्षेत्र देवरिया के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा। जानकारी में आया है कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 500 आबादी के गांवों में अब सम्पर्क मार्ग बनने चालू हो गये हैं, परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र में तो उक्त योजना के तहत अभी तक 1000 आबादी वाले गांवों में ही सम्पर्क मार्ग नहीं बने है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत देवरिया एवं कुशीनगर जिलों में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों के लिए धनराशि आबंटित करवाने का कष्ट करें।